16-06-2023

न्यूज फटाफट (सुर्खियों में रहे प्रमुख स्थल)

कोमोरोस (राजधानी: मोरोनी)

- हाल ही में INS त्रिशूल ने कोमोरोस के बंदरगाह अंजौन का दौरा किया है। यह दौरा भारतीय नौसेना की लंबी दूरी की तैनाती के एक भाग के रूप में था।

- **राजनीतिक सीमाएं :**
  - कोमोरोस हिंद महासागर के मोजाम्बिक चैनल के उत्तरी छोर पर स्थित द्वीपों का एक समूह है। ये द्वीप मेडागास्कर और दक्षिण - पूर्वी अफ्रीका मुख्य भूमि के बीच स्थित हैं।
  - उत्तर - पश्चिम से दक्षिण - पूर्व तक स्थित द्वीपों में ग्रांडे कोमोर, मोहेली, अंजौन और मेयोट शामिल हैं।
    - कोमोरोस द्वीप समूह के तीन द्वीप पूर्वी अफ्रीका के तट से दूर हिंद महासागर में स्थित हैं।
    - चौथे द्वीप मेयोट पर कोमोरोस दावा करता है, लेकिन यह फ्रांस द्वारा प्रशासित है।
- **भौगोलिक विशेषताएं :**
  - इन द्वीपों का उदय ज्वालामुखीय गतिविधि के परिणामस्वरूप हिंद महासागर के नितल से हुआ है।
  - ग्रांडे कोमोर सबसे बड़ा और सबसे ऊंचा द्वीप है।
  - मोहेली समूह का सबसे छोटा द्वीप है।

कोलंबिया (राजधानी: बोगोटा)

- अमेज़न विमान दुर्घटना में जीवित बचे चार भाई-बहन 40 दिन बाद जंगल में जीवित पाए गए हैं।
- **राजनीतिक सीमाएं:**
  - यह एक उत्तर-पश्चिमी दक्षिण अमेरिकी देश है। इसकी तटरेखाएं अटलांटिक महासागर और प्रशांत महासागर से लगती हैं।
  - यह पनामा, वेनेजुएला, ब्राजील, पेरू और इक्वाडोर से घिरा हुआ है।

- **भौगोलिक विशेषताएं:**
  - दुनिया की विशाल पर्वत श्रृंखलाओं में से एक एंडियन कॉर्डिलेरा, इस देश के पश्चिमी भाग में अवस्थित है।
  - **उच्चतम बिंदु :** पिको क्रिस्टोबल कोलन।
  - **महत्वपूर्ण नदियां :** अमेज़न, काक्वेटा, नीग्रो, ओरिनोको, पुटुमायो, मैग्डेलेना आदि।

क्यूबा (राजधानी: हवाना)

- अमेरिका ने पुष्टि की है कि चीन 2019 से ही क्यूबा में जासूसी अड्डे का संचालन कर रहा है।
- **राजनीतिक सीमाएं :**
  - यह वेस्ट इंडीज क्षेत्र का एक देश है। यह इस द्वीप समूह का सबसे बड़ा एकल द्वीप है।
  - यह कर्क रेखा के ठीक दक्षिण में अटलांटिक महासागर (उत्तर और पूर्व), मैक्सिको की खाड़ी (पश्चिम) तथा कैरेबियन सागर (दक्षिण) के संगम बिंदु पर स्थित है।
  - **इसके पड़ोसी देश हैं:** हैती (पूर्व) जमैका (दक्षिण); बहामास द्वीपसमूह (उत्तरी तट) और संयुक्त राज्य अमेरिका (उत्तर में, फ्लोरिडा जलडमरूमध्य के साथ)।

- **भौगोलिक विशेषताएं :**
  - **प्रमुख नदी:** काउटो (सबसे लंबी) और ग्वांतानामो।
  - **सबसे ऊंची चोटी :** टरक्विनो पीक (सिएरा मेस्ट्रा रेंज में)।
  - **महत्वपूर्ण शहर और कस्बे :** सैंटियागो त्रिनिदाद और ग्वांतानामो बे।

रवांडा (राजधानी- किगाली)

- **राजनीतिक सीमाएं :**
  - यह उत्तर में युगांडा, पूर्व में तंजानिया, दक्षिण में बुरुंडी और पश्चिम में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो से घिरा हुआ है।
  - रवांडा पूर्व - मध्य अफ्रीका में भूमध्यरेखा के दक्षिण में स्थित एक भू आबद्ध देश है। इसे अक्सर हजार पहाड़ियों की भूमि कहा जाता है।
- **भौगोलिक विशेषताएं :**
  - **प्रमुख नदियाँ:** अकागेरा, अकन्यारू, बेस, रूबिरो, रुहवा, रुसीजी आदि।
  - **प्रमुख झीलें:** किवु, रुहोंडो और मुगेसेरा।

- **सबसे ऊँची चोटी:** माउंट कारिसिम्बी।

सर्बिया (राजधानी शहर : बेलग्रेड)

- भारत की राष्ट्रपति सर्बिया की राजकीय यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की सर्बिया की पहली यात्रा है।
- **राजनीतिक विशेषताएं:**
  - **स्थान:** यह दक्षिण - पूर्वी यूरोप में एक भू-आबद्ध देश है। इसके क्षेत्र में पैनोनियन मैदान और मध्य एवं पश्चिमी बाल्कन प्रायद्वीप के कुछ हिस्से शामिल हैं।
  - **सीमावर्ती देश:** हंगरी, रोमानिया, बुल्गारिया, नॉर्थ मेसेडोनिया, कोसोवो, क्रोएशिया, बोस्निया और हर्जेगोविना तथा मोंटेनेग्रो।

- **भौगोलिक विशेषताएं:**
  - **जलवायु:** चार मौसमों के बीच क्रमिक संक्रमण के साथ महाद्वीपीय प्रकार की जलवायु।
  - **नदियां:** डेन्यूब, सावा, टीसा आदि।
  - **उच्चतम बिंदु:** डेराविका।

फिजी (राजधानी: सुवा)

- फिजी ने प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच चीन के साथ सुरक्षा संबंध स्थापित करने पर पुनर्विचार किया है।
- **राजनीतिक सीमाएं:**
  - फिजी दक्षिणी प्रशांत महासागर में एक द्वीपसमूह है।
  - यह कोरो सागर में विस्तारित है। कोरो सागर ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) के उत्तर में लगभग 1,300 मील (2,100 किमी) की दूरी पर है।



- **भौगोलिक विशेषताएं:**
  - फिजी द्वीप बड़े पैमाने पर ज्वालामुखी क्रिया, तलछट के जमाव और प्रवाल के निर्माण से निर्मित हुए है।
  - इसके 300 द्वीपों में से, लगभग 100 द्वीपों पर लोगों का निवास है।
  - **उच्चतम बिंदु:** तोमानिवि।

- **सबसे बड़ा द्वीप**: विटी लेवु ("ग्रेट फिजी")।

सेनेगल (राजधानी: डाकर)

- हाल ही में, सेनेगल में हुए संघर्ष के दौरान नौ लोगों की मृत्यु हो गई है।
- **राजनीतिक सीमाएं :**
  - यह उत्तर और उत्तर पूर्व में सेनेगल नदी से घिरा हुआ है, जो इसे मॉरिटानिया से अलग करती है। इसके अलावा, यह पूर्व में माली से; दक्षिण में गिनी और गिनी-बिसाऊ से तथा पश्चिम में अटलांटिक महासागर से घिरा हुआ है।
  - यह अफ्रीका महाद्वीप के सबसे पश्चिमी छोर पर स्थित है।

- **भौगोलिक विशेषताएं:**
  - **प्रमुख नदियां :** सेनेगल, सलौम, गाम्बिया (गैम्बी) और कैसमांस।
  - **सर्वोच्च बिंदु**: नेपेन दीयाखा पर्वत।
  - यह एक समतल भू क्षेत्र वाला देश है। यह एक अवतलित (Depression) क्षेत्र में स्थित है, जिसे सेनेगल - मॉरिटानियन बेसिन के रूप में जाना जाता है।